Title: Regarding construction of a ring road in Siddharthnagar district,Uttar Pradesh

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिद्धार्थनगर की ओर दिलाना चाहता हूं । सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे । सिद्धार्थनगर को नीति आयोग द्वारा लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर 112 आकांक्षी जिलों के रूप में भी पहचाना गया है । सिद्धार्थनगर के लोग आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सिद्धार्थनगर को एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचानने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए उनके राष्ट्रीय प्रयासों और दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए बेहद कृतज्ञ और आभारी हैं । प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2024 तक भारत की सड़कों और राजमार्गों को अमेरिका की तरह बनाने का संकल्प जल्द ही पूरा होगा । मैं अनुरोध करता हूं कि सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर मुख्यालय के बाहरी इलाके में रिंग रोड बनाने की आवश्यकता है । रिंग रोड से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और पर्यटकों को सुगमता से यात्रा करने में मदद मिलेगी । रिंग रोड सिद्धार्थनगर के आसपास के जिलों को जोड़ने में भी मदद करेगा और यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करेगा ।